सुविचार

'संघर्ष ही जीवन का सार है। इसके बिना कोई सफलता नहीं मिलती'

दैनिक

# पंचकूला ऑब्जर्वर




सच के साथ, समाज के साथ

वर्ष : 1 | अंक : 43 | पंचकूला। शुक्रवार, 20 मार्च 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4

## एक नजर

### चीन में भारत के राजदूत नियुक्त हुए विक्रम दोराईस्वामी

**नई दिल्ली, 19 मार्च।** 1992 बैच के आईएफएस अधिकारी विक्रम दोराईस्वामी को चीन में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। गुरुवार को विदेश मंत्रालय की ओर से साझा जानकारी में बताया गया




कि विक्रम दोराईस्वामी अभी ब्रिटेन में भारत के हाई कमिश्नर हैं और उन्हें चीन में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। उम्मीद है कि वह जल्द ही यह काम संभाल लेंगे। दोराईस्वामी 1992 में भारतीय विदेश सेवा में शामिल हुए। उससे पहले, उन्होंने एक साल तक पत्रकारिता की। विदेश मंत्रालय के मुताबिक उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी से इतिहास में मास्टर डिग्री ली। 1992-1993 में नई दिल्ली में अपनी इन-सर्विस ट्रेनिंग पूरी करने के बाद दोराईस्वामी मई 1994 में हांगकांग में भारतीय दूतावास में थर्ड सचिव नियुक्त हुए। उन्होंने हांगकांग के चीनी विश्वविद्यालय के न्यू एशिया येल-इन-एशिया लैंग्वेज स्कूल से चीनी भाषा में डिप्लोमा पूरा किया।

### दिल्ली आबकारी नीति मामले में ईडी की याचिका पर अगली सुनवाई 2 अप्रैल को

**नई दिल्ली, 19 मार्च।** दिल्ली आबकारी नीति मामले में अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया समेत 23 आरोपियों को बरी किए जाने के दौरान निचली अदालत द्वारा की गई प्रतिकूल टिप्पणियों को हटाने की मांग को लेकर दायर ईडी की याचिका पर सुनवाई फिलहाल टल गई है। अब इस मामले में अगली सुनवाई 2 अप्रैल को होगी। गुरुवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू पेश हुए। उन्होंने अदालत को बताया कि दूसरे पक्ष के वकील जवाब दाखिल करने के लिए समय मांग रहे हैं, जबकि इस मामले में जवाब की कोई आवश्यकता नहीं है। इस पर अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि यह समझ से परे है कि दूसरा पक्ष जवाब दाखिल क्यों नहीं कर रहा है। इससे पहले की सुनवाई में हाईकोर्ट ने ईडी की याचिका पर नोटिस जारी किया था।

# मुख्यमंत्री ने धर्मपत्नी सहित पहले नवरात्र पर किए माता मनसा देवी के दर्शन, लिया आशीर्वाद

- प्रदेशवासियों के सुख, शांति व समृद्धि की कामना की
- माता मनसा देवी मंदिर की भव्यता बढ़ाने के लिए नए कॉरिडोर का निर्माण कार्य जारी : सीएम





पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला, 19 मार्च :** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती सुमन सैनी के साथ चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन पंचकूला पहुंचकर माता मनसा देवी मंदिर में माथा टेककर पूजा-अर्चना की और महामाई का आशीर्वाद लिया। उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर स्थित यज्ञशाला में पहुंचकर मंत्रोच्चारण के बीच हवन-यज्ञ में भाग लिया और आहुति अर्पित की। इससे पूर्व उन्होंने मंदिर परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस अवसर पर उपायुक्त एवं श्री माता मनसा देवी पूजास्थल बोर्ड के मुख्य प्रशासक श्री सतपाल शर्मा ने मुख्यमंत्री को माता मनसा देवी का चित्र एवं हिंदू नववर्ष का कैलेंडर सम्मान स्वरूप भेंट किया।

मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को चैत्र नवरात्र और हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज उन्होंने माता मनसा देवी के चरणों में प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की है। उन्होंने माता से प्रार्थना की कि हरियाणा प्रदेश खुशहाल रहे और निरंतर प्रगति के मार्ग पर अग्रसर हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्र हमारी समृद्ध संस्कृति और संस्कारों का प्रतीक हैं। माता मनसा देवी में श्रद्धालुओं की असीम आस्था है और नवरात्र के दौरान लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां अपनी मनोकामनाएं लेकर आते हैं, जिन्हें माता पूर्ण करती हैं। एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने बताया कि श्री माता मनसा देवी पूजास्थल बोर्ड द्वारा माता मनसा देवी मंदिर, काली माता मंदिर, कालका और चंडी माता मंदिर में अनेक विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि माता मनसा देवी मंदिर परिसर में संचालित संस्कृत महाविद्यालय के नए भवन का निर्माण कार्य जारी है। इसके अतिरिक्त मंदिर को भव्य रूप देने के लिए एक नए कॉरिडोर का निर्माण कार्य भी तीव्र गति से चल रहा है, जिसमें लिफ्ट और एस्केलेटर की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही काली माता मंदिर कालका और चंडी माता मंदिर, चंडीमंदिर का भी जीर्णोद्धार किया जा रहा है। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में श्री माता मनसा देवी पूजा स्थल बोर्ड, जिला रेडक्रॉस सोसाइटी पंचकूला एवं श्री शिव कांवड़ महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट पंचकूला द्वारा आयोजित रक्तदान जागरूकता शिविर में पहुंचकर रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त एवं श्री माता मनसा देवी पूजास्थल बोर्ड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती निशा यादव, पुलिस उपायुक्त श्रीमती सृष्टि गुप्ता, एसडीएम श्री चंद्रकांत कटारिया, हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती रेनू भाटिया, हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती बंतो कटारिया, जिला अध्यक्ष श्री अजय मित्तल, शिवालिक विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष श्री ओमप्रकाश देवीनगर, पूर्व मेयर श्री कुलभूषण गोयल, श्री श्यामलाल बंसल, माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड की सचिव श्रीमती शारदा प्रजापति, मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव श्री प्रवीण अत्रे सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# अवैध खनन में संलिप्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने के दिए निर्देश

## राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री ने जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में सुनी समस्याएं

- पुलिस आयुक्त को बिना लाईसैंस चल रही मीट की दुकानों को तुरंत बंद करवाने के दिए निर्देश






पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला, 19 मार्च।** हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री विपुल गोयल ने आज जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में अवैध खनन पर संज्ञान लेते हुए जिला खनन अधिकारी को अवैध खनन में संलिप्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश दिए।

सेक्टर-1 स्थित पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में श्री विपुल गोयल ने बैठक में विभिन्न विषयों से संबंधित 8 शिकायतें सुनी, जिनमें से कुछ का समाधान मौके पर ही किया, शेष शिकायतों के शीघ्र निपटारे के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर उपायुक्त श्री सतपाल शर्मा भी उपस्थित रहे।

विपुल गोयल ने पुलिस आयुक्त को विशेष अभियान चलाकर शहर की सभी मीट की दुकानों के लाईसैंस चैक करने और बिना लाईसैंस चल रही मीट की दुकानों को तुरंत बंद करवाने के निर्देश दिए।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री ने गांव माजरी निवासियों की रात में अवैध निर्माण करने की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए नगर निगम आयुक्त को पुलिस को साथ लेकर शाम तक अवैध निर्माण को हटवाने के निर्देश दिए। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री ने रतपुर कालोनी पिंजौर की राजबाला की बरसात के कारण बिजली के खंभे गिरने व खभों को मजबूती से लगवाने की मांग पर संज्ञान लेते हुए कार्यकारी अभियंता उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम को खंभे को जल्द से जल्द कंक्रीट डालकर पक्का व फिक्स करने के निर्देश दिए ताकि लोगों को किसी तरफ की कोई परेशानी न हो।

राजस्व मंत्री ने गांव बुढनपुर निवासियों की अवैध मंडी लगने के कारण रास्ता बंद होने की शिकायत व रास्ते को खुलवाने की मांग पर नगर निगम के संबंधित अधिकारी को रास्ता खुलवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा पुलिस को मीट, मच्छी वालों के लाईसेंस चैक करने के भी निर्देश दिए।विपुल गोयल ने गांव कंडियाला ब्लॉक पिंजौर के सरपंच की टयूबवैल लगवाने की मांग पर जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिंकी मंत्री श्री रणबीर गंगवा से दूरभाष के माध्यम से बातचीत कर समस्या का समाधान किया। उन्होने विभाग के कार्यकारी अभियंता को टयूबवैल लगवाने की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री ने गांव खोलमोला की बारिश के कारण सडक खराब होने की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता को जल्द से जल्द टेंडर कर सडक बनवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उपायुक्त को मामले की मानिटरिंग करने व कार्यकारी अभियंता को डीसी को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निदेश दिए।

इस अवसर पर कालका की विधायक शक्ति रानी शर्मा, राज्यसभा सांसद श्रीमती रेखा शर्मा, पुलिस आयुक्त सिवास कविराज, अतिरिक्त उपायुक्त निशा यादव, पुलिस उपायुक्त सृष्टि गुप्ता, डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन, आरटीए हैरतजीत कौर, एसडीएम पंचकूला चंद्रकांत कटारिया, एसडीएम कालका संयम गर्ग, एचएसवीपी के संपदा अधिकारी मानव मलिक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कष्ट निवारण समिति के गैर-सरकारी सदस्य उपस्थित रहे।

## माता मनसा देवी मंदिर में 24 घंटे सेवा में जुटे 500 सेवादार



**पंचकूला।** श्री माता मनसा देवी निष्काम सेवा ट्रस्ट की ओर से माता मनसा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 24 घंटे निरंतर सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। ट्रस्ट के चेयरमैन संदीप गुप्ता ने बताया कि ट्रस्ट के सदस्य विभिन्न स्थानों पर नौकरी करते हैं, लेकिन जैसे ही समय मिलता है, वे माता की सेवा में उपस्थित हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि सुबह, शाम और रात के समय अलग-अलग वालंटियर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। करीब 500 सेवादार मंदिर परिसर में तैनात हैं, जो सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ अन्य आवश्यक कार्यों में भी मंदिर बोर्ड प्रबंधन का सहयोग कर रहे हैं। इस अवसर पर ट्रस्ट के प्रधान संजीव कुमार, महासचिव राजकुमार, कोषाध्यक्ष अश्विनी खन्ना सहित सतपाल गर्ग, जितेंद्र गुप्ता, गुरप्रीत धीमान, दया शंकर, संदीप कुमार, अनिल गोयल, त्रिवेणी, दिलबाग राय, शीला देवी, दिनेश गुप्ता, देवेंद्र कुमार, राम नरेश, प्रवीण कुमार, विजय, राज मित्तल एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्य भी मौजूद रहे।

## सेंसेक्स 2,497 अंक लुढ़का, निवेशकों के डूबे करीब 12 लाख करोड़ रुपए

**मुंबई, 19 मार्च।** लगातार तीन सत्रों की तेजी के बाद गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। शेयर बाजार में आज यानी 19 मार्च को 22 महीने की सबसे बड़ी गिरावट रही।

सेंसेक्स 2497 अंक (3.26 प्रतिशत) गिरकर 74,207 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 776 अंक (3.26 प्रतिशत) की गिरावट रही, यह 23,002 पर आ गया है। बैंकिंग-ऑटो शेयर्स में आज सबसे ज्यादा बिकवाली रही। इससे पहले 4 जून 2024 को सेंसेक्स 5.74 प्रतिशत गिरा था।

सभी सेक्टोरल इंडेक्स लाल निशान में कारोबार करते नजर आए। सबसे ज्यादा निफ्टी ऑटो में 4.25 प्रतिशत की गिरावट आई।

## यंग फ्रेंड्स ग्रुप ने मनाया हिंदू नववर्ष और चैत्र नवरात्र उत्सव



पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला** के सेक्टर-10 में हिंदू नववर्ष और चैत्र नवरात्र मेले के पावन अवसर पर यंग फ्रेंड्स ग्रुप की ओर से एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हितैषी फाउंडेशन के चेयरमैन भारत हितैषी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया तथा उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से भगवान के भजनों का गायन किया और आध्यात्मिक वातावरण में कुछ समय व्यतीत किया। साथ ही वार्ड नंबर-4 के निवासियों के उज्ज्वल भविष्य और सुख-समृद्धि की कामना की गई। भारत हितैषी ने सभी को हिंदू नववर्ष और चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए माता मनसा देवी मंदिर से सभी की मनोकामनाएं पूर्ण होने की प्रार्थना की। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोगों की भी उपस्थिति रही।

# सेक्टर -1 कॉलेज में ऊर्जा संरक्षण और सतत भवन संहिता पर कार्यशाला आयोजित

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** गवर्नमेंट पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज, सेक्टर-1, पंचकूला में ऊर्जा संरक्षण एवं सतत भवन संहिता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हरियाणा रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी के इसीएसबीसी सेल के सहयोग से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्या डॉ. शैलजा छाबड़ा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना, नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करना तथा ग्रीन बिल्डिंग के मानकों को समझाना था।कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में आयोजन टीम के सदस्य अंकुर ने प्राचार्या डॉ. शैलजा छाबड़ा का पौधा भेंट कर स्वागत किया।



**पैसिव डिजाइन कंसल्टेंट्स के निदेशक :** आकाश कुमार गुप्ता ने अपने व्याख्यान में ग्रीन बिल्डिंग के डिज़ाइन, ऊर्जा दक्षता तथा उपलब्ध संसाधनों के उचित उपयोग के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार भवन निर्माण में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर ऊर्जा की बचत की जा सकती है।

कार्यशाला में कॉलेज के लगभग 40 प्राध्यापकों ने भाग लिया। सत्र अत्यंत संवादात्मक रहा तथा प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान विशेषज्ञ द्वारा विस्तार से किया गया। कार्यक्रम का समापन भौतिकी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अल्का द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। प्राचार्या डॉ. शैलजा छाबड़ा ने सफल आयोजन के लिए टीम को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम ऊर्जा संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और इन्हें नियमित रूप से आयोजित किया जाना चाहिए।

जंग जारी

## होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से ज्यादातर तेल यनबू पोर्ट से भेजा जा रहा

# सऊदी में ऑयल रिफाइनरी पर हमला, यूएई-कतर में भी ड्रोन अटैक

पंचकूला ऑब्जर्वर

**तेहरान।** अमेरिका-इजराइल और ईरान की जंग 20वें दिन भी जारी रही। वीरवार को सऊदी अरब के यनबू पोर्ट पर स्थित सैमरेफ ऑयल रिफाइनरी पर हवाई हमला हुआ। होर्मुज स्ट्रेट बंद होने की वजह से अब ज्यादातर तेल यनबू पोर्ट से भेजा जा रहा है।

इसके अलावा ‚श्व और कतर के तेल-गैस प्लांट पर भी ड्रोन हमले हुए हैं। ईरान ने हाल ही में सऊदी अरब, ‚श्व और कतर के तेल ठिकानों को खाली करने की वॉर्निंग दी थी। सऊदी ने आज ईरान को कड़ी चेतावनी दी है। सऊदी के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान अल सऊद ने कहा कि हमारे देश के पास ईरान को जवाब देने की पूरी ताकत है। ईरान के हमले पहले से प्लान किए गए लगते हैं और हमारे सब्र का इम्तिहान न लें।



ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के खातम अल-अनबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर के प्रवक्ता ने कहा है कि ईरान की ऊर्जा ठिकानों पर हुए हमलों का जवाब अभी खत्म नहीं हुआ है। प्रवक्ता ने चेतावनी दी कि अगर ईरान के एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर पर दोबारा हमला हुआ, तो उसका जवाब और खतरनाक होगा। उन्होंने कहा, हम दुश्मन को चेतावनी देते हैं कि आपने ईरान के एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हमला करके बड़ी गलती की है। अगर यह दोबारा हुआ, तो आपके और आपके सहयोगियों के एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हमले तब तक जारी रहेंगे, जब तक उनका पूरी तरह विनाश नहीं हो जाता।

### ईरानी हमलों के बावजूद एयर क्वालिटी सामान्य : कतर

ईरान-इजराइल जंग के बीच कतर पर हुए हमलों के बाद वहां की सरकार ने स्थिति पर अपडेट दिया है। कतर के गृह मंत्रालय ने कहा कि रास लफ्फान इंडस्ट्रियल सिटी, अल धखीरा और अल खोर इलाकों में एयर क्वालिटी सामान्य स्तर पर बनी हुई है। मंत्रालय के मुताबिक, इन इलाकों में हवा की गुणवत्ता की जांच सिविल डिफेंस काउंसिल द्वारा की गई और सभी संकेतक सुरक्षित पाए गए।

### जर्मनी बोला- जंग खत्म होने के बाद ही मिडिल ईस्ट में शामिल होंगे

जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा कि उनका देश तभी क्षेत्र में भूमिका निभाएगा, जब सैन्य कार्रवाई पूरी तरह खत्म हो जाएगी। ब्रसेल्स में यूरोपीय नेताओं की बैठक के दौरान मर्ज ने कहा, हम तभी शामिल होंगे, जब बंदूकें शांत हो जाएंगी। उन्होंने साफ किया कि जर्मनी फिलहाल किसी सैन्य ऑपरेशन या होर्मुज स्ट्रेट को खोलने के प्रयास में हिस्सा नहीं लेगा।

### इजराइल में ईरानी मिसाइल हमले में 4 लोगों की मौत

ईरान के मिसाइल हमलों में इजराइल में चार लोगों की मौत हो गई, जिनमें तीन फिलिस्तीनी महिलाएं और एक विदेशी नागरिक शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, बुधवार की रात ईरानी मिसाइल का मलबा महिलाओं के एक ब्यूटी पार्लर पर गिरा, जिससे यह हादसा हुआ।

# इंस्पेक्टर को 18 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए विजिलेंस ब्यूरो ने रंगे हाथों किया गिरफ्तार

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़, 19 मार्च।** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही मुहिम के दौरान, जिला फरीदकोट की जैतो मंडी में स्थित वेयरहाउस में तैनात वेयरहाउस इंस्पेक्टर नरेश कुमार गोयल को 18,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

यहां इस संबंध में जानकारी देते हुए, राज्य विजिलेंस ब्यूरो के एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि उक्त आरोपी को गांव घणिया, जिला फरीदकोट के एक निवासी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता आढ़तिया के रूप में काम करता है और आरोपी वेयरहाउस इंस्पेक्टर नरेश कुमार गोयल आढ़तियों से फसल की खरीद करता है। आरोपी वेयरहाउस इंस्पेक्टर ने शिकायतकर्ता से 18,500 रुपये की रिश्वत मांगी और कहा कि यदि शिकायतकर्ता उसे रिश्वत नहीं देगा तो वह उसकी आने वाली गेहूं की फसल को मंडी से नहीं उठने देगा। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी इंस्पेक्टर अक्सर रिश्वत लेने के लिए किसानों से खरीदी गई फसलों में जानबूझकर दोष निकालता रहता है।

शिकायतकर्ता रिश्वत नहीं देना चाहता था, इसलिए उसने विजिलेंस ब्यूरो रेंज फिरोजपुर से संपर्क किया। उसकी शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद, विजिलेंस ब्यूरो की टीम ने एक जाल बिछाया, जिसमें आरोपी इंस्पेक्टर को दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से 18,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया।

इस संबंध में आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत विजिलेंस ब्यूरो के थाना फिरोजपुर में मामला दर्ज किया गया है और इस मामले की आगे की जांच जारी है।

# ‘युद्ध नशेयां विरुद्ध’: पूरे सूबे में 426 ड्रग हॉटस्पॉटों पर छापेमारी; 248 गिरफ्तार

- पंजाब पुलिस ने 1 मार्च 2025 से अब तक 38 हजार से अधिक एफआईआरज़ दर्ज कर 54 हजार नशा तस्करों को किया गिरफ्तार

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़, 19 मार्च।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के अनुसार पंजाब से नशों के खात्मे के लिए किए जा रहे लगातार प्रयासों के तहत, पंजाब पुलिस ने अपनी नशा विरोधी मुहिम के 383वें दिन आज राज्य भर में चिन्हित ड्रग हॉटस्पॉटों - नशे और नशीले पदार्थों की बिक्री के स्थानों - पर राज्य स्तरीय घेराबंदी एवं तलाशी अभियान (कासो) चलाया।

यह घेराबंदी और तलाशी अभियान पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव के निर्देशों पर राज्य के सभी 28 पुलिस जिलों में एक साथ चलाया गया। पंजाब पुलिस मुख्यालय (पीपीएचक्यू) के वरिष्ठ अधिकारियों को इस अभियान की व्यक्तिगत निगरानी के लिए अलग-अलग जिलों में तैनात किया गया था।

दिनभर चले इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने राज्य भर में 426 ड्रग हॉटस्पॉटों पर छापेमारी की। इस दौरान 200 एफआईआरज़ दर्ज कर 248 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीमों ने गिरफ्तार नशा तस्करों के कब्जे से 710 ग्राम हेरोइन, 20 किलोग्राम भुक्की, 2655 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 14,150 रुपये की ड्रग मनी भी बरामद की है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के कहा है। पंजाब सरकार ने नशों के खिलाफ इस अभियान की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अगुवाई में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का गठन भी किया है।

विशेष डीजीपी कानून एवं व्यवस्था अर्पित शुक्ला, जो इस अभियान की निजी तौर पर निगरानी कर रहे हैं, ने बताया कि 1 मार्च 2025 को शुरू की गई ‘युद्ध नशेयां विरुद्ध’ मुहिम के तहत अब तक पूरे राज्य में 38,119 एफआईआरज़ दर्ज की गई हैं और 54,190 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्करों के कब्जे से 2384 किलोग्राम हेरोइन, 715 किलोग्राम अफीम, 303 क्विंटल भुक्की, 834 किलोग्राम गांजा, 51.35 लाख नशीली गोलियां/कैप्सूल, 36 किलोग्राम आईसीई और 17 करोड़ रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है।

उन्होंने यह भी बताया कि नशा मुक्ति अभियान के तहत पंजाब पुलिस ने 1.21 लाख व्यक्तियों को नशा मुक्ति या ओट केंद्रों में इलाज और पुनर्वास के लिए राज़ी किया है।

### ‘गैंगस्टरां ते वार’ के 58वें दिन 207 व्यक्ति गिरफ्तार

इस दौरान ‘गैंगस्टरां ते वार’ अभियान के 58वें दिन पुलिस टीमों ने 4 हथियारों सहित 207 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जिससे अभियान की शुरुआत से अब तक कुल गिरफ्तारियां 15,458 हो गई हैं। इसके अलावा 80 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियातन कार्रवाई की गई, जबकि 101 व्यक्तियों को सत्यापन के बाद छोड़ दिया गया। पुलिस टीमों ने कार्रवाई के दौरान 6 भगोड़े अपराधियों (पीओ) को भी गिरफ्तार किया।

# सीमा पार से चल रहे हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़

## नाबालिग सहित छह आरोपी अमृतसर में गिरफ्तार; सात आधुनिक पिस्तौल बरामद

- पुर्तगाल से सक्रिय विदेशी हैंडलर के संपर्क में थे गिरफ्तार आरोपी: डीजीपी गौरव यादव
- आपराधिक तत्वों को आगे सप्लाई करनी थी बरामद की गई खेप: सीपी अमृतसर गुरप्रीत भुल्लर

पंचकूला ऑब्जर्वर



**अमृतसर, 19 मार्च।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने नाबालिग सहित छह आरोपियों को सात आधुनिक पिस्तौलों समेत गिरफ्तार कर सीमा पार से चल रहे एक हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। यह जानकारी पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने आज यहां दी।

गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान अमृतसर के गांव बुरज के गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी (27), बटाला के सुंदर नगर के मनीष कुमार उर्फ जैरी (24), अमृतसर के गांव चूचकवाल के सरूप सिंह उर्फ रूप (27), अमृतसर के गांव फतेहपुर राजपूता के चमकौर सिंह (20) और तरनतारन के भिखीविंड के वंश शर्मा (23) के रूप में हुई है। बरामद हथियारों में पांच 9 एमएम ग्लॉक पिस्तौल और दो .30 बोर पिस्तौल शामिल हैं।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी पुर्तगाल स्थित एक विदेशी हैंडलर के संपर्क में थे, जो ड्रोन के माध्यम से पाकिस्तान से अवैध हथियारों की तस्करी में उनकी मदद करता था। उन्होंने कहा कि आरोपी इन हथियारों की खेप प्राप्त कर उन्हें आगे आपराधिक तत्वों तक पहुंचाते थे। डीजीपी ने कहा कि पूरे नेटवर्क को खत्म करने के लिए आगे-पीछे के लिंक स्थापित करने हेतु और जांच की जा रही है।

पुलिस कमिश्नर (सीपी) अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीमों ने योजनाबद्ध तरीके से एक नाबालिग समेत गुरप्रीत उर्फ गोपी को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से दो 9 एमएम ग्लॉक पिस्तौल बरामद किए।

आगे की पूछताछ के दौरान हुए खुलासे के आधार पर उसके साथियों मनीष उर्फ जैरी, सरूप उर्फ रूप और चमकौर सिंह को गिरफ्तार किया गया और उनके कब्जे से तीन और 9 एमएम ग्लॉक पिस्तौल बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि बाद में आरोपी चमकौर सिंह द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर वंश शर्मा को भी दो .30 बोर पिस्तौलों सहित गिरफ्तार कर लिया गया।


सीपी ने बताया कि आरोपी मनीष उर्फ जैरी पिछले साल बटाला में पुलिस अधिकारियों पर हुई फायरिंग की घटना में शामिल था और फरार चल रहा था। इसी तरह आरोपी सरूप उर्फ रूप का भी आपराधिक रिकॉर्ड है और उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और चोरी के कई मामले दर्ज हैं।

इस संबंध में अमृतसर के पुलिस स्टेशन छावनी में शस्त्र अधिनियम की धारा 25(6), 25(7)(1) और 25(8) के तहत एफआईआर नंबर 42 दिनांक 11-03-2026 को मामला दर्ज किया गया है।

# कमर्शियल एलपीजी की सप्लाई को आसान बनाने के लिए कमेटियां बनाई

- हॉस्पिटल, हॉस्टल समेत सभी एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन को ज़रूरत के हिसाब से कमर्शियल एलपीजी दी जाएगी: हिमांशु जैन

पंचकूला ऑब्जर्वर



**लुधियाना, 18 मार्च।** डिप्टी कमिश्नर लुधियाना हिमांशु जैन की तरफ से जारी गाइडलाइंस के तहत अलग-अलग कमेटियां बनाई गई हैं ताकि हॉस्पिटल और हॉस्टल समेत सभी एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन को ज़रूरत के हिसाब से कमर्शियल एलपीजी की सप्लाई पक्की की जा सके। उन्होंने साफ किया कि ये कमेटियां ज़रूरत के हिसाब से शादी के फंक्शन के लिए प्रायोरिटी के आधार पर कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर दे सकती हैं, खासकर बेटियों की शादी के मौके पर खास ध्यान दिया जा सकता है, जबकि भारत सरकार के ऑर्डर के मुताबिक, सभी कमर्शियल जगहों पर कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के इस्तेमाल पर कोई खास छूट नहीं है।

गौरतलब है कि दुनिया भर में बन रहे जंग के हालात को देखते हुए डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने पिछले शुक्रवार को जानकारी शेयर की थी कि जिले में पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीजी की काफी उपलब्धता है और किसी भी तरह की कोई कमी नहीं है। जिले में तेल या गैस सप्लाई की कोई कमी नहीं है और लोगों को किसी भी तरह से घबराने की जरूरत नहीं है।

उन्होंने दोहराया कि गैस एजेंसियों के डीलरों को निर्देश दिया गया है कि ऐसे हालात में सिलेंडर की गैर-कानूनी जमाखोरी न होने दें। सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिया गया है कि वे यह पक्का करें कि उनके ऑफिस के फोन नंबर और हेल्पलाइन नंबर हमेशा चालू रहें ताकि कंज्यूमर्स को जानकारी मिलने में कोई दिक्कत न हो।

डिप्टी कमिश्नर जैन ने यह भी निर्देश दिया कि अगर कोई व्यक्ति या डीलर पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की जमाखोरी या ब्लैक मार्केट करता है, तो नियम के मुताबिक तुरंत कार्रवाई की जाएगी। डिप्टी कमिश्नर ने जिलेवासियों से अपील की कि मौजूदा हालात को देखते हुए किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराहट में बेवजह पेट्रोल, डीजल या गैस न खरीदें। उन्होंने कहा कि प्रशासन लगातार हालात पर नजर रखे हुए है और जरूरी चीजों की सप्लाई ठीक से जारी है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर कोई भी व्यक्ति पेट्रोल, डीज़ल या घरेलू गैस जमा करते हुए पाया गया, तो उसके खिलाफ नियमों के अनुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे बाज़ार पर लगातार नज़र रखें और किसी भी तरह की अफवाह या गड़बड़ी होने पर तुरंत प्रशासन को सूचित करें ताकि समय पर उचित कार्रवाई की जा सके।

# विजिलेंस ब्यूरो ने फरवरी के दौरान रिश्वतखोरी के 14 मामलों में 18 व्यक्तियों को रंगे हाथों किया गिरफ्तार

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 19 मार्च।** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही अपनी मुहिम के दौरान फरवरी महीने में 14 अलग-अलग ट्रैप मामलों के तहत 17 सरकारी अधिकारियों और एक निजी व्यक्ति को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। राज्य विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने कहा कि विजिलेंस ब्यूरो ने इस दौरान सरकारी कर्मचारियों और हर क्षेत्र में भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए हर संभव प्रयास किया है।

प्रवक्ता ने बताया कि ब्यूरो ने पिछले महीने विभिन्न सक्षम अदालतों में 26 विजिलेंस मामलों से संबंधित चालान पेश किए। इसके अलावा भ्रष्टाचार के मामलों की गहन जांच के लिए 3 विजिलेंस जांचें भी दर्ज की गई हैं। प्रवक्ता ने आगे कहा कि 35 मुलजिमों के खिलाफ 9 आपराधिक मामले भी दर्ज किए गए, जिनमें 11 सरकारी कर्मचारी शामिल हैं।

इस संबंध में अधिक विवरण साझा करते हुए प्रवक्ता ने कहा कि विभिन्न सक्षम अदालतों ने पिछले महीने के दौरान ब्यूरो द्वारा दायर किए गए और लड़े गए रिश्वतखोरी के 4 मामलों का फैसला सुनाया, जिसमें चार व्यक्तियों को दोषी ठहराया गया और साढ़े तीन साल से चार साल तक की कैद तथा 10,000 रुपये से लेकर 50,000 रुपये तक के जुर्माने की सजा सुनाई गई।

# 98 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत करवाया कैंसर का कैशलेस इलाज

पंचकूला ऑब्जर्वर




**मोगा, 19 मार्च।** गुणवत्तापूर्ण और सम्मानजनक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि राज्य के प्रत्येक जरूरतमंद नागरिक को बिना किसी आर्थिक बोझ के समय पर उचित चिकित्सा उपचार मिल सके।इसी क्रम में मोगा जिले की 98 वर्षीय बुजुर्ग महिला मुख्तियार कौर ने मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत कैंसर का कैशलेस इलाज करवाकर इस योजना का लाभ प्राप्त किया है। वह इस योजना की सबसे अधिक आयु वाली लाभार्थियों में से एक हैं।

स्वास्थ्य कार्ड के माध्यम से उनकी कीमोथेरेपी से संबंधित विशेष चिकित्सा पूरी तरह निःशुल्क की गई। जीवन के इस चरण में, जब निरंतर चिकित्सकीय देखभाल की आवश्यकता होती है, कैशलेस उपचार की सुविधा ने यह सुनिश्चित किया कि आर्थिक कठिनाइयां उपचार में बाधा न बनें।

उपचार के दौरान कीमोथेरेपी प्रणाली के अंतर्गत आधुनिक दवाओं और सहायक थैरेपी का उपयोग किया गया, जिसके लिए निरंतर निगरानी और समय पर चिकित्सकीय हस्तक्षेप आवश्यक होता है। अस्पताल में स्वास्थ्य कार्ड के सत्यापन के बाद बिना किसी देरी के उपचार शुरू कर दिया जाता है, जिससे मरीज को लगातार और व्यवस्थित देखभाल मिलती है।

बुजुर्गों की देखभाल कर रहे परिवारों के लिए बार-बार अस्पताल जाना और महंगा इलाज कराना अक्सर चिंता का विषय बन जाता है। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना इस आर्थिक बोझ को कम कर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुंच प्रदान करती है, जिससे परिवार अपने प्रियजन के स्वास्थ्य और भलाई पर पूरा ध्यान केंद्रित कर सकते हैं।

इस योजना के बेहतर प्रभावों बाबत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने कहा, ÷मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में यह योजना बुजुर्ग मरीजों को सम्मान के साथ जीवन जीने के लिए आवश्यक स्वास्थ्य सहायता प्रदान कर रही है। उपचार तक आसान पहुंच सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है और यह योजना परिवारों को निश्चिंत बनाती है।÷

मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत प्रत्येक परिवार को प्रतिवर्ष 10 लाख रुपये तक का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाता है। लाभार्थी राज्य के सूचीबद्ध सरकारी और निजी अस्पतालों में उपचार प्राप्त कर सकते हैं। अब तक 9 लाख से अधिक स्वास्थ्य कार्ड जारी किए जा चुके हैं और लाभार्थी 900 से अधिक सूचीबद्ध अस्पतालों में 2300 से अधिक चिकित्सा पैकेजों के तहत उपचार प्राप्त कर रहे हैं। पंजाब सरकार ने निवासियों से अपील की है कि वे इस योजना का लाभ उठाने के लिए अपने स्वास्थ्य कार्ड अवश्य बनवाएं।

# आप नेताओं के नशा तस्करी के बड़े रैकेट की जांच केंद्रीय एजेंसियों करवाई जाए : परगट सिंह

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 19 मार्च।** पूर्व शिक्षा मंत्री और विधायक परगट सिंह ने गुरूवार को कहा कि खुद को पाक-साफ और ईमानदार बताने वाली आम आदमी पार्टी की सरकार के सरपंच और %नशा मुक्ति समितियों% के सदस्य करोड़ों रुपये की हेरोइन तस्करी में पकड़े जा रहे हैं।

इनके तार कथित तौर पर पाकिस्तानी तस्करों से जुड़े हैं, तो सरकार की नीयत पर सवाल उठना लाजमी है। सिंह ने मांग की कि इस उच्च स्तरीय नशा तस्करी की जांच स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी), केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जैसी केंद्रीय एजेंसी या हाईकोर्ट की देखरेख में होनी चाहिए।

उन्होंने कहा, ÷ऐसी जांच इस बड़े नशा रैकेट में शामिल आम आदमी पार्टी के छोटे-बड़े नेताओं के संरक्षण और संलिप्तता को उजागर करने के लिए जरूरी है।

यह भी सामने आना चाहिए कि नशे से कमाया गया पैसा कहाँ निवेश किया जा रहा है? क्या इसका इस्तेमाल पार्टी के चुनावी अभियानों के लिए किया जा रहा है?÷ उन्होंने सवाल उठाया कि क्या इतना बड़ा नशा तस्करी रैकेट बिना सरकारी संरक्षण के चल सकता है? सिंह ने कहा कि भगवंत मान सरकार इसके लिए पूरी तरह जिम्मेदार है क्योंकि नशा तस्करों का राजनीतिक गठबंधन विस्तार कर रहा है। सरकार फर्जी अभियान चलाकर लोगों को गुमराह नहीं कर सकती। मुख्यमंत्री को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या यही उनका ÷नशे के खिलाफ युद्ध÷ है। उन्होंने हालिया घटनाओं का हवाला देते हुए कहा कि पहले %आप% सरपंच और नशा मुक्ति समिति के सदस्य परमजीत सिंह से 18 किलो से अधिक हेरोइन जब्त की गई थी।

# पंजाब कृषि के बुनियादी ढांचे के विकास में देश भर में अग्रणी

## एआईएफ योजना छोटे और मध्यम वर्ग के किसानों के लिए बहुत लाभकारी साबित हो रही है: भगत

पंचकूला ऑब्जर्वर




**चंडीगढ़, 19 मार्च।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के के दौरान कृषि के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए पंजाब देश भर में अग्रणी राज्य के रूप में उभरा है। पंजाब के बागवानी विभाग द्वारा आज चंडीगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय एआईएफ सम्मेलन और सम्मान समारोह में बागवानी मंत्री श्री मोहिंदर भगत ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए बागवानी मंत्री श्री मोहिंदर भगत ने बताया कि ए.आई.एफ. के तहत परियोजनाओं की सर्वाधिक संख्या में पंजाब देश भर में पहले स्थान पर है। उन्होंने कहा कि राज्य में कृषि बुनियादी ढांचा फंड योजना के तहत फरवरी-2026 तक 32,823 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, इन परियोजनाओं के लिए विभिन्न वित्तीय संस्थानों द्वारा 7,597 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए हैं और 7,132 करोड़ रुपये लाभार्थियों को जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत सबसे अधिक परियोजनाएं स्वीकृत कराने वाले देश के शीर्ष जिलों में से 8 जिले पंजाब के हैं। इनमें लुधियाना (3,650 परियोजनाएं), संगरूर (3,155), बठिंडा (3,049), पटियाला (2,970), फाजिल्का (2,844), श्री मुक्तसर साहिब (2,246), मोगा (1,758) और फिरोजपुर (1,680) शामिल हैं।

इसके अलावा उन्होंने बताया कि बागवानी क्षेत्र को संपन्न बनाने और किसानों की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जीका) के सहयोग से लगभग 1300 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जिन्हें अगले 10 वर्षों के दौरान शुरू किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि पंजाब ने सितंबर 2024 और जनवरी 2026 में सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले राज्य के रूप में पुरस्कार प्राप्त किए हैं।

इस कार्यक्रम के दौरान सफलता की कहानियों पर आधारित एक महत्वपूर्ण पुस्तिका जारी की गई। इससे पहले बागवानी विभाग के प्रशासनिक सचिव श्री अर्शदीप सिंह थिंद और बागवानी निदेशक श्री मनीष कुमार ने भी एआईएफ योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी साझा की। इस अवसर पर एआईएफ योजना को बेहतर ढंग से लागू करने के लिए विभिन्न जिलों के उपायुक्तों, उप निदेशक (बागवानी), लीड जिला प्रबंधक और जिला विकास प्रबंधक (नाबार्ड) को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# सरकार ने एसिड अटैक पीड़ितों के लिए मासिक सहायता बढ़ाकर 10 हजार की: डॉ. बलजीत

- कोई भी पीड़ित सहायता से वंचित नहीं रहेगा- पंजाब ने एसिड अटैक पीड़ितों के लिए वित्तीय सहायता और पुनर्वास को किया मजबूत
- पंजाब सरकार ने एसिड अटैक पीड़ितों के लिए उच्च सहायता और

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़, 19 मार्च।** एसिड अटैक पीड़ितों के लिए वित्तीय सुरक्षा और सामाजिक सम्मान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि पिछले वर्ष के दौरान एसिड अटैक पीड़ितों के लिए चल रही योजना को जेंडर-न्यूट्रल बना दिया गया है।

डॉ. बलजीत कौर ने कहा, ‘पिछले वर्ष के दौरान एसिड अटैक पीड़ितों के लिए चल रही योजना को जेंडर-न्यूट्रल बनाया गया है। यह योजना पहले केवल महिलाओं तक सीमित थी, लेकिन अब पुरुष और ट्रांसजेंडर पीड़ित भी इसका लाभ उठा सकेंगे। इसके अलावा, इस योजना के तहत मासिक वित्तीय सहायता को 8,000 रुपये से बढ़ाकर 10,000 रुपये कर दिया गया है, जो पीड़ितों के जीवन-यापन और पुनर्वास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगी।’

हिंसा पीड़ितों के प्रति पंजाब सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए मंत्री ने कहा कि यह पहल केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि सम्मान और आत्मविश्वास को पुनर्स्थापित करने का एक सशक्त प्रयास है। डॉ. बलजीत कौर ने कहा, ‘पंजाब सरकार हर उस व्यक्ति के साथ खड़ी है जो किसी भी प्रकार की हिंसा का शिकार हुआ है। यह निर्णय केवल आर्थिक सहायता के बारे में नहीं, बल्कि पीड़ितों के सम्मान, आत्मसम्मान और विश्वास को बहाल करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।’

उन्होंने आगे कहा, ‘पंजाब सरकार मानवाधिकारों की रक्षा और समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। हमारा उद्देश्य एक ऐसा समाज बनाना है, जहां हर पीड़ित समानता, सुरक्षा और सम्मान के साथ जीवन जी सके।’

ऐसे अपराधों के गंभीर प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने कहा, ‘एसिड हमले न केवल शारीरिक घाव देते हैं, बल्कि गहरी भावनात्मक और मानसिक पीड़ा भी छोड़ जाते हैं। ऐसे आघात से गुजरने वाले लोगों के लिए यह केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि यह भरोसा है कि वे अकेले नहीं हैं।

पंजाब सरकार उनके साथ मजबूती से खड़ी है, उनकी हिम्मत को सलाम करती है और उनके जीवन को पुनः सम्मान, आशा और आत्मविश्वास से भरने के लिए प्रतिबद्ध है।’

# कांग्रेस में बिखराव को देखकर कांग्रेसी कन्फ्यूज हो चुके हैं: बड़ौली

पंचकूला ऑब्जर्वर

**सोनीपत.** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक कार्यक्रम में गुरुवार को सोनीपत स्थित भाजपा कार्यालय स्वर्ण कमल में वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। कार्यक्रम में संगठन की मजबूती, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा बूथ स्तर तक पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल ने कांग्रेस पार्टी पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के बाद कांग्रेस घबराई हुई है और कांग्रेस के नेता कन्फ्यूज हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में आपसी विश्वास की कमी भी स्पष्ट हो गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी इसलिए बनी है क्योंकि इसके कार्यकर्ता सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित की भावना से कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास और सुशासन के नए आयाम स्थापित कर रहा है और



भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता इस विकास यात्रा का सशक्त वाहक है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के समर्पण से ही संगठन और राष्ट्र दोनों मजबूत हो रहे हैं। बड़ौली ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत करते हुए नायब सैनी सरकार की नीतियों और उपलब्धियों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करें। श्री बड़ौली ने कहा कि भाजपा की विचारधारा राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत पर आधारित है और जब कार्यकर्ता सेवा भाव से कार्य करता है तो संगठन स्वत: ही मजबूत होता है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन आता है।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के लिए राष्ट्रवाद मुख्य पहचान और शक्ति है। उन्होंने कहा कि भाजपा का लक्ष्य गरीबों और वंचितों का उत्थान है। भाजपा का विजन 'विकसित भारत' और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करना है। भाजपा सत्ता को सेवा का माध्यम मानती है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास के मूल मंत्र पर काम कर रही है। हर वर्ग को ध्यान में रखकर नायब सैनी सरकार योजनाएं बनाकर उनका उत्थान कर रही है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, विधायक निखिल मदान, विधायक पवन खरखोदा, मीडिया प्रभारी दिनेश अत्री, पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन, भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक पूर्व मेयर राजीव जैन, ललित बत्रा व अन्य थे।

## हिंदू नवसंवत्सर भारतीय सनातन परंपरा, संस्कृति, नवचेतना और संस्कारों की पुनर्स्थापना का प्रतीक मोहन लाल बड़ौली

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने आदि शक्ति, जगतजननी मां भवानी की आराधना के पर्व चैत्र नवरात्रि और हिंदू नवसंवत्सर (विक्रम संवत 2083) की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह नवरात्रि मां दुर्गा की कृपा से सभी प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि और स्वास्थ्य लेकर आए यही मेरी कामना है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि मां दुर्गा के आशीर्वाद से हिंदू नवसंवत्सर (विक्रम संवत 2083) सभी के जीवन में खुशियों की नई सौगात लाए। देश-प्रदेश का कोना-कोना स्वास्थ्य, सम्पदा, यश एवं कीर्ति से महके। श्री बड़ौली ने कहा कि नवसंवत्सर का यह दिवस हमें आत्मचिंतन, नए संकल्पों और उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है। मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि यह दिन भारतीय नव वर्ष, नवरात्र और गुड़ी पड़वा के रूप में मनाया जाता है जो नई शुरुआत, समृद्धि और विजय का प्रतीक है। इस दिन से चैत्र नवरात्र और वासंतिक नवरात्रि की शुरुआत होती है। उन्होंने कहा कि हिंदू नव वर्ष भारतीय सनातन परंपरा, संस्कृति और नवचेतना धर्म, सत्य और संस्कारों की पुनर्स्थापना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हिंदू नव वर्ष हमारी काल गणना, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रबोध को सुदृढ़ करने वाला दिन है। बड़ौली ने भगवान श्रीराम से प्रार्थना करते हुए कहा कि सभी प्रदेशवासियों के जीवन में यह वर्ष ऊर्जा, नवीन अवसर और अपार प्रसन्नता लेकर आए। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान करते हुए कहा कि आइए हम सभी सामूहिक रूप से नव संकल्पों के साथ सशक्त भारत, समृद्ध भारत व विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनें।

## एक नजर

### मंत्रोच्चारण से नवरात्रि के प्रथम दिन की शुरुआत

**लाडवा.** लाडवा के सुगनी देवी आर्य गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वीरवार को हिंदू नव वर्ष एवं प्रथम नवरात्रे के उपलक्ष्य में मां शैलपुत्री का आह्वान हवन और मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। इसमें स्कूल की प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा, मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य राजकुमार गर्ग, हेडमिस्ट्रेस अर्चना, कोऑर्डिनेटरस नीरू गुप्ता, रितु पंजेटा, मंजू गुप्ता सहित स्कूल स्टाफ व बच्चों ने हवन में आहुतियां डाली। हवन के समापन के बाद राजकुमार गर्ग ने भजन गाकर पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। भजन के पश्चात नव वर्ष और नवरात्रों के शुभारंभ पर फूलों की वर्षा की गई और पूरे स्टाफ का खीर के प्रसाद के साथ मुंह मीठा कराया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने कहा कि चैत्र मास की शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से 9 दिनों तक मां दुर्गा की आराधना का यह विशेष अवसर है। इस अवसर पर हमारे अंदर सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश होता है। इसी के साथ उन्होंने नवरात्रि और हिंदू नव वर्ष की सभी को शुभकामनाएं भी दी। इस मौके पर स्कूल स्टाफ सहित स्कूली बच्चे भी मौजूद थे।

### सात दिवसीय श्रीराम कथा का समापन

**लाडवा.** लाडवा के बाबा बंसीवाला वृद्धाश्रम एवं अन्नक्षेत्र में कांवड़ सेवा दल द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीराम कथा विशाल भंडारे के साथ संपन्न हो गई। कथा के अंतिम दिन भरत मिलाप, केवट प्रसंग, सुंदरकांड (लंका दहन), रावणवध व राम राज्याभिषेक का वर्णन किया गया। कथावाचक पंडित अनिल पाराशर ने रामचरितमानस के विभिन्न कांडों के भावपूर्ण प्रसंगों के माध्यम से त्याग और समर्पण की कथा सुनाई, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। कथा समापन पर बाबा बंसी वाला अन्नक्षेत्र के पूर्व प्रधान पवन गोयल, प्रधान विकास सिंघल, सचिव अनुज गोयल, कथा संयोजक संजय सिंगला, कोषाध्यक्ष सुरेश कंसल ने व्यासपीठ पर कथा व्यास का तिलक व माला देकर सम्मान किया और आरती की। इस अवसर पर हवन का आयोजन भी किया गया, जिसमें मुख्य यजमानों सहित कथा के आयोजकों द्वारा आहुतियां डाली गई। कथा के समापन पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कथा के समापन पर विजेंद्र गोयल, कृष्णा गोयल, मुकेश गर्ग, विनय गर्ग सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### राम लीला समिति की विशेष बैठक आयोजित

**लाडवा.** श्री राम हनुमान राम लीला समिति की कार्यकारिणी की एक विशेष बैठक समिति के प्रधान राजेश वर्मा के कार्यालय में हुई। बैठक में आगामी रामनवमी पर्व को लेकर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक के बाद जानकारी देते हुए समिति के प्रधान राजेश वर्मा ने बताया कि समिति द्वारा हर वर्ष की तरह इस बार भी रामनवमी पर्व को पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। 24 व 25 मार्च को शहर के शिव दिवाला मंदिर परिसर में रात्रि 8 बजे से प्रभु इच्छा तक दो दिवसीय भव्य कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा 26 मार्च को रामनवमी के अवसर पर मंदिर परिसर में दोपहर 2 बजे से समिति के पदाधिकारी व सदस्यों द्वारा सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा व भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस अवसर पर समिति के चेयरमैन डा.अशोक निर्मल, डायरेक्टर कुश गर्ग, उपप्रधान नरेश गर्ग, राकेश गर्ग, अमित सिंघल, हेमंत सैनी, विपिन कंबोज, इसु कंबोज, सोमनाथ सोमी, राकेश कंबोज, रनित कंबोज सहित समिति के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे।

### माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को दोषी ठहराते हुए आजीवन कठोर कारावास

**टोहाना.** आज जिला फतेहाबाद में माननीय श्री तरुण सिंगल, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, फतेहाबाद द्वारा दिनांक 19.03.2026 को पारित निर्णय में आरोपी को धारा 302 भारतीय दंड संहिता के तहत आजीवन कठोर कारावास तथा ऋ्र्. 1,00,000/- के जुर्माने से दंडित किया गया है (जुर्माना अदा न करने की स्थिति में 3 माह का अतिरिक्त कारावास)। इसके अतिरिक्त, धारा 354(1)(i) IPC के तहत 3 वर्ष का कठोर कारावास एवं 10,000/- का जुर्माना (अदायगी न होने पर 1 माह का अतिरिक्त कारावास) भी सुनाया गया है। डॉ. सुनील कुमार खिच्ची, उप निदेशक अभियोजन, फतेहाबाद तथा श्री देवेंद्र मित्तल, जिला न्यायवादी, फतेहाबाद ने बताया कि दिनांक 01.09.2022 को शिकायतकर्ता की पत्नी अपने पुत्र के साथ अपने मायके से ट्रेन द्वारा टोहाना लौट रही थी। यात्रा के दौरान आरोपी संदीप उर्फ हनुमान, निवासी गांव कालवन, जिला जींद द्वारा महिला के साथ छेड़छाड़ की गई तथा धक्का-मुक्की करते हुए उसे चलती ट्रेन से नीचे गिरा दिया गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। घटना के उपरांत GRP जाखल पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके से शव बरामद किया गया तथा शिकायतकर्ता के बयान के आधार पर थाना GRP हिसार में धारा 302 एवं 354 IPC के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस द्वारा गहन एवं निष्पक्ष जांच के उपरांत आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से डॉ. नरेंद्र सिंह, सहायक जिला अटॉर्नी द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए सशक्त एवं विश्वसनीय साक्ष्य प्रस्तुत किए गए, जिनके आधार पर माननीय न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार दिया। अभियोजन विभाग द्वारा इस गंभीर अपराध में प्रभावी पैरवी कर दोषी को सजा दिलवाकर न्याय सुनिश्चित किया गया है।

### आरटीई के तहत दाखिले तो अनिवार्य, लेकिन प्राइवेट स्कूलों का भुगतान वर्षों से लंबित

**कुरुक्षेत्र.** शिक्षा विभाग द्वारा हरियाणा में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को निजी विद्यालयों में शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए राइट टू एजुकेशन (आरटीई) कानून लागू किया गया है। इसके तहत सभी प्राइवेट स्कूलों में प्रारंभिक कक्षाओं में 25 प्रतिशत सीटें आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए आरक्षित रखना अनिवार्य है, ताकि जरूरतमंद बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिल सके। आरटीई नियमों को लेकर शिक्षा विभाग काफी सख्त रुख अपनाए हुए है। पिछले शैक्षणिक सत्र (2025-26) में जिन निजी स्कूलों ने आरटीई के तहत सीटें घोषित नहीं की थीं, उनके खिलाफ विभाग ने कड़ा संज्ञान लिया था और कई स्कूलों पर जुर्माना भी लगाया गया था। हालांकि, अब एक बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जहां सरकार आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को शिक्षा का अधिकार दे रही है, वहीं इन बच्चों को पढ़ाने वाले निजी स्कूलों को मिलने वाले भुगतान के मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए है। एक स्कूल संचालक ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया की आरटीई में स्कूल से जो दस्तावेज मांगे जाते है वो सरकार द्वारा ही जारी किये जाते है लेकिन उसके बावजूद हर वर्ष स्छोल से मान्यता सर्टिफिकेट मांगे जाते है। जानकारी के अनुसार, धर्मनगरी के कई निजी स्कूलों को आरटीई के तहत पढ़ाए जा रहे विद्यार्थियों का भुगतान पिछले कई वर्षों से नहीं मिला है। यह बकाया राशि लाखों रुपये में बताई जा रही है, जिससे स्कूल संचालकों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, धर्मनगरी के अनेक निजी स्कूलों को 134ए एवं आरटीई के तहत पढ़ रहे बच्चों की फीस का भुगतान पिछले कई वर्षों से नहीं मिला है। बताया द्भ्रड्ड रहा है कई स्चूलो का तो 2019-2020 का भी बकाया राशि लाखों रुपये में है।

## पंजाबी को वैकल्पिक नहीं, बल्कि अनिवार्य विषय बनाए सरकार: अशोक मैहता

**नारायणगढ़.** राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के नैशनल प्रेजिडैंट एवं हरियाणा के पूर्व राज्य सूचना आयुक्त अशोक मैहता ने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित त्रिभाषाई शिक्षा प्रणाली में कुछ भी नया नहीं है, क्योंकि राज्य में 10वीं कक्षा तक हिन्दी एवं अंग्रेजी के अलावा पंजाबी एवं संस्कृत पहले से ही वैकल्पिक विषय हैं। राष्ट्रीय पंजाबी महासभा पिछले लम्बे समय से हरियाणा के स्कूलों में 10वीं कक्षा तक पंजाबी विषय को अनिवार्य करने का मुद्दा उठा रही है और उनकी हरियाणा सरकार से मांग है कि पंजाबी को वैकल्पिक नहीं, बल्कि राज्य विधानसभा में विधेयक लाकर 10वीं कक्षा तक अनिवार्य विषय के तौर पर लागू किया जाए।

वीरवार को यहां जारी विज्ञप्ति में अशोक मैहता ने कहा कि वर्ष 2010 तक हरियाणा राज्य में तेलुगु भाषा को दूसरी आधिकारिक भाषा का दर्जा प्राप्त था, जबकि राज्य का कोई नागरिक तेलुगु बोलने, लिखने अथवा समझने वाला नहीं था। इसके बावजूद राज्य की एक बड़ी आबादी पंजाबी बोलने, लिखने एवं समझने वाली ही है, इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए उनके संगठन ने सरकार से पंजाबी को हरियाणा की दूसरी आधिकारिक भाषा घोषित करने की मांग की, उनकी इस मांग पर संज्ञान लेते हुए तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने पंजाबी को हरियाणा की दूसरी आधिकारिक भाषा का दर्जा देते हुए अधिसूचना जारी की। इसके बाद राष्ट्रीय पंजाबी महासभा ने राज्य पंजाबी वैल्फेयर बोर्ड के गठन एवं भारत-पाक विभाजन के दौरान शहीद हुए लोगों की पावन स्मृति में शहीद स्मारक की स्थापना समेत अपनी अन्य मांगों के साथ-साथ हरियाणा में 10वीं कक्षा तक पंजाबी को अनिवार्य विषय घोषित करने और पंजाबी अध्यापकों की कमी को पूरा करने की मांग को भी प्रमुखता से उठाया हुआ है।

अशोक मैहता ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय पंजाबी महासभा को किसी भी अन्य भाषा से कोई ऐतराज नहीं है और संस्कृत तो वैसे भी हमारी पौराणिक भाषा है, इसलिए उससे तो कोई आपत्ति हो ही नहीं सकती।

## विधायक प्रतिनिधियों शारिक और विजय शेखर नें कार्यालय पर सुनी जन समस्या, कइयों का मौके पर समाधान

पंचकूला ऑब्जर्वर

**समालखा.** विधायक मनमोहन भड़ाना प्रतिनिधि विजय शेखर और शारिक ने गुरुवार को विधायक के निजी कार्यालय में जनता दरबार लगाकर क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग निजी और सार्वजनिक मुद्दों को लेकर पहुंचे। विधायक प्रतिनिधियों ने संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात कर समस्याओं के त्वरित निपटारे के निर्देश भी दिए। इस दौरान हल्के के लोगों ने पानी, बिजली, सड़क, सफाई और अन्य स्थानीय समस्याओं को विधायक प्रतिनिधियों के सामने रखा। कई शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करते हुए विधायक प्रतिनिधियों विजय शेखर और शारिक ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि आमजन की परेशानियों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए। कुछ मामलों में मौके पर ही समाधान कर लोगों को राहत दी गई।

इस दौरान विधायक मनमोहन भड़ाना के निजी सचिव शारिक ने



बताया कि उनका प्रयास रहता है कि नियमित रूप से जनता दरबार लगाकर क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनी जाएं और उनका समाधान कराया जाए।

फलाई ओवर के निचे से नई सब्जी मंडी में सब्जी व फल विक्रेताओं कों स्थानांतरण किया गया था। जिस पर सभी नें बताया कि रेडी वालों को जो चीनी जगह दी गई थी वहां पर किसी भी तरह की कोई सुविधा नहीं है खुले आसमान के नीचे रेडी लगाने को मजबूर है और उधर ग्राहकी भी बहुत कम है। इसी को लेकर फल व सब्जी विक्रेता विधायक आवास पर अपनी समस्या को लेकर विधायक प्रतिनिधि विजय शेखर और शारिक से मुलाकात कर अपनी समस्याओं के समक्ष रखी।

सभी नें एक शुरू में पुराना बस स्टैंड के आसपास कोई स्थाई जंगह की मांग की। विधायक कार्यालय पर रेहड़ी-पटरी वालों ने विधायक मनमोहन भड़ाना प्रतिनिधि से मिलकर स्थाई जंगह के लिए गुहार लगाई है। परेशान रेहड़ी वालों को विधायक ने अपना समर्थन दिया है, जिससे उन्हें अपना रोजगार वापस शुरू होने की उम्मीद जगी है। वही विधायक प्रतिनिधि नें आश्वासन देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में फल व सब्जी विक्रेताओं को तंग नहीं होने दिया जाएगा उनकी समस्या के स्थाई समाधान के लिए हर पल प्रयासरत है। जिस पर उन्हें उक्त समस्या कों लेकर हर सम्भव मदद करने का आश्वासन दिया।

## मां भगवती को प्रसन्न करने एवं सर्वकल्याण के लिए सुंदर मंडप व हवन कुंड की हुई स्थापना

**कुरुक्षेत्र.** ब्रह्मसरोवर के तट पर स्थित श्री जयराम विद्यापीठ में मां भगवती का आहवान कर चैत्र नवरात्र महोत्सव की प्रतिपदा पर विधिवत दुर्गा सप्तशती पाठ अनुष्ठान प्रारम्भ किया गया है, जो नवरात्रों में निरंतर चलेगा। इस अनुष्ठान के पहले दिन देशभर में फैली जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी के मार्गदर्शन तथा प्रेरणा से श्री जयराम विद्यापीठ में दुर्गा सप्तशती पाठ किया गया एवं अनुष्ठान हवन की आहुतियां डाली गई। यजमान के तौर पर विक्रम श्योकंद एवं राम मेहर शर्मा पूजन में शामिल हुए। विद्यापीठ के रोहित कौशिक ने बताया कि विश्व कल्याण और समृद्धि की कामना करते हुए विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ पूरे नवरात्र निरंतर पूजन होगा। 21 ब्राह्मणों एवं ब्रह्मचारियों के साथ नवरात्र दुर्गा सप्तशती पाठ कर रहे आचार्य प्रतीक शर्मा एवं पंकज शर्मा ने यजमान श्रद्धालुओं की पूजा अर्चना सम्पन्न करवाई। जयराम विद्यापीठ में दुर्गा सप्तशती पाठ अनुष्ठान में मां भगवती को प्रसन्न करने तथा सर्व कल्याण के लिए बहुत ही सुंदर मण्डप व हवन कुंड स्थापित किया गया है।

## नरवाना रेलवे स्टेशन पर डीआरएम का औचक निरीक्षण

**नरवाना.** जींद से कुरुक्षेत्र की ओर जाते समय रेलवे के डिविजनल रेलवे मैनेजर (डीआरएम) पुष्पेंद्र रमन त्रिपाठी ने नरवाना रेलवे स्टेशन पर रुककर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन पर मौजूद यात्रियों और स्थानीय लोगों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। निरीक्षण के दौरान यात्रियों ने विभिन्न मांगें और समस्याएं डीआरएम के सामने रखीं, जिनमें ट्रेनों के ठहराव, समय-सारणी में सुधार और स्टेशन पर सुविधाओं से जुड़े मुद्दे प्रमुख रहे। डीआरएम त्रिपाठी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तुरंत संज्ञान लेकर समाधान करने के निर्देश दिए।

डीआरएम त्रिपाठी ने जींद से सोनीपत के बीच प्रस्तावित हाइड्रोजन ट्रेन को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि इस परियोजना का ट्रायल सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है और अब जल्द ही इस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली बोर्ड इस विषय पर विचार कर रहा है और आने वाले समय में ट्रेन संचालन को हरी झंडी मिल सकती है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि हाइड्रोजन ट्रेन पर्यावरण के लिहाज से एक अहम कदम साबित होगी, जिससे प्रदूषण में कमी आएगी और आधुनिक तकनीक को बढ़ावा मिलेगा। डीआरएम त्रिपाठी ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के यात्रियों की सुविधा और स्टेशन के कायाकल्प को ध्यान में रखकर शुरू की गई है, इसलिए सभी कार्य समयबद्ध और उच्च मानकों के अनुरूप होने चाहिए। डीआरएम पुष्पेश त्रिपाठी ने बताया कि उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले दिनों में नरवाना स्टेशन पूरी तरह नए रूप में यात्रियों के सामने होगा और सुविधाओं के मामले में भी स्टेशन को नए मानकों के अनुसार विकसित किया जा रहा है। उद्घाटन के सवाल पर डीआरएम ने कहा कि स्टेशन के तैयार होते ही उद्घाटन का अंतिम निर्णय उच्च स्तर पर लिया जाएगा। माननीय रेलवे मंत्री या प्रधानमंत्री द्वारा समय दिए जाने पर ही स्टेशन का औपचारिक उद्घाटन किया जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही नरवाना के लोगों और यात्रियों को एक आधुनिक, आकर्षक और बेहतर सुविधाओं से युक्त रेलवे स्टेशन देखने को मिलेगा। ट्रेनों के समय, संख्या और संचालन में सुधार को लेकर भी जल्द ही निर्णय लिया जाएगा, ताकि लोगों को बेहतर रेल सुविधाएं मिल सकें।

## जॉब सिक्योरिटी बिल की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए शिक्षामंत्री को ज्ञापन सौंपा: हुकटा

**चंडीगढ़/सोनीपत.** हरियाणा यूनिवर्सिटीज कॉन्ट्रैक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन (हुकटा) के प्रतिनिधिमंडल ने चंडीगढ़ में उच्च शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा को विश्वविद्यालयों के अनुबंधित शिक्षकों की जॉब सिक्योरिटी से जुड़े 'सेवा-सुरक्षा बिल' की प्रक्रिया को समयबद्ध एवं तेज गति से पूरा करवाने के संबंध में ज्ञापन सौंपा। उच्च शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने आश्वस्त करते हुए कहा कि विभाग द्वारा सभी विश्वविद्यालयों से आवश्यक सूचनाएं एकत्रित कर ली गई हैं तथा संबंधित अधिकारी इस विषय पर कार्य कर रहे हैं, ताकि विश्वविद्यालयों के अनुबंधित शिक्षकों का रोजगार सुरक्षित किया जा सके। हुकटा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विजय मलिक एवं डॉ. सुमन रंगा ने मांग रखते हुए कहा कि राज्य के सरकारी विश्वविद्यालयों में कार्यरत लगभग 1400 अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों के लिए प्रस्तावित 'सेवा-सुरक्षा बिल' की प्रक्रिया में हरियाणा एक्सटेंशन लेक्चरर्स एवं गेस्ट लेक्चरर्स (सेवा -सुरक्षा ) संशोधन बिल-2026 में पारित प्रावधानों को भी शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से विश्वविद्यालयों के अनुबंधित शिक्षकों को भी कॉलेजों के एक्सटेंशन लेक्चरर्स की भांति सेवा-सुरक्षा के सभी लाभ प्राप्त हो सकेंगे। कॉलेज, स्कूल एवं पॉलिटेक्निक के अनुबंधित शिक्षकों की तर्ज पर विश्वविद्यालयों के अनुबंधित शिक्षकों को भी 60 वर्ष की आयु तक सेवा-सुरक्षा का लाभ आगामी कैबिनेट / विधानसभा सत्र में जल्द प्रदान किया जाए।

## आईएएस नेहा सिंह होंगी सोनीपत की उपायुक्त

**चंडीगढ़.** हरियाणा सरकार ने विधानसभा का बजट सत्र सम्पन्न होते ही बड़े स्तर पर प्रशासनिक बदलाव किया है। बृहस्पतिवार को 23 आईएएस अधिकारियों के नियुक्ति एवं स्थानांतरण आदेश जारी किए गए। इनमें सोनीपत डीसी को भी बदला गया है। सोनीपत के उपायुक्त सुशील सारवान की जगह अब 2015 बैच की आईएएस नेहा सिंह को सोनीपत की नई डीसी लगाया है। वहीं सुशील सारवान को एचएसआईआईडीसी का एमडी लगाया है। वे हरियाणा फाइनेंशियल कॉरपोरेशन के एमडी भी होंगे। डॉ राजा शेखरू वुंडरू से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग वापस लिया है। हालांकि परिवहन विभाग उनके पास बना रहेगा। साथ ही, विजय सिंह दहिया से लेकर उन्हें प्रिंटिंग एंड स्टेशनरी का अतिरिक्त मुख्य सचिव भी लगाया है। समाज कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ जी अनुपमा से मानव संसाधन विभाग वापस लेकर इसकी जगह उन्हें नागरिक उड्डयन विभाग विभाग दिया है। एके सिंह से टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग लेकर उन्हें उच्चतर शिक्षा विभाग का अतिरिक्त मुख्य सचिव लगाया है। साथ ही पीडब्ल्यूडी (भवन एवं सड़कें) विभाग का जिम्मा भी उन्हें सौंपा है। वहीं अनुराग अग्रवाल से पीडब्ल्यूडी लेकर उन्हें अब टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग का अतिरिक्त मुख्य सचिव लगाया है। सहकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव वियजेंद्र कुमार को कृषि विभाग का अतिरिक्त मुख्य सचिव लगाया है। साथ ही, उन्हें इन्कम इन्हांसमेंट बोर्ड का ओएसडी लगाया है। सैनिक एवं अर्द्ध-सैनिक कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव का जिम्मा उनके पास पहले की तरह बना रहेगा।

विजय सिंह दहिया को स्कूल शिक्षा विभाग का प्रधान सचिव लगाया है।

## 'धर्म, त्याग, सत्य के प्रतीक राजा हरीशचंद्र'

**कैथल.** युवा एवं सांस्कृतिक विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सौजन्य से बाबू अनंत राम जनता कॉलेज कौल में आयोजित 11वां रत्नावली युवा सांग महोत्सव कुरुक्षेत्र जोन का द्वितीय दिवस सांस्कृतिक वैभव, भावनात्मक अभिव्यक्ति और लोक परंपराओं की अनुपम छटा से आलोकित रहा। यह भव्य आयोजन महाविद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान चौ. तेजवीर सिंह के मार्गदर्शन, मुख्य अतिथि डॉ. सलोनी पवन दीवान उपनिदेशक युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशालय कुरुक्षेत्र की गरिमामयी उपस्थिति तथा प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल की अध्यक्षता में गरिमा और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। द्वितीय दिवस का केंद्र बिंदु हरियाणवी लोकनाट्य सांग राजा हरिश्चंद्र रहा, जिसे एसडी पीजी कॉलेज, पानीपत की दक्ष टीम ने अद्भुत कलात्मकता और जीवंतता के साथ प्रस्तुत किया। मंचन के प्रत्येक दृश्य में कलाकारों की अभिव्यक्ति, संवादों की गूंज, पारंपरिक वेशभूषा की झलक और संगीत की मधुर लय ने मिलकर ऐसा वातावरण निर्मित किया, मानो इतिहास स्वयं सजीव होकर मंच पर उतर आया हो। सांग 'राजा हरिश्चंद्र' केवल एक नाट्य प्रस्तुति नहीं बल्कि सत्य, त्याग और अटूट धर्मनिष्ठा का जीवंत संदेश बनकर उभरा। कलाकारों ने भावनाओं की गहराई को इस प्रकार उकेरा कि दर्शक कथा के साथ आत्मिक रूप से जुड़ गए। हर दृश्य के साथ दर्शकों की भावनाएं प्रवाहित होती रहीं और प्रस्तुति के समापन पर गूंजती तालियों ने कलाकारों के अद्वितीय प्रदर्शन की सशक्त स्वीकृति प्रदान की। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. अनीता नैन के कुशल निर्देशन और दूरदर्शी नेतृत्व में आयोजन का प्रत्येक आयाम उत्कृष्टता की मिसाल बना। युवा एवं सांस्कृतिक विभाग की टीम ने समर्पण, अनुशासन और सामूहिक प्रयासों से कार्यक्रम को भव्य सफलता प्रदान की। मुख्य अतिथि डॉ. सलोनी पवन दीवान ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि ऐसे महोत्सव युवाओं के भीतर छिपी रचनात्मक ऊर्जा को मंच प्रदान करते हैं और उन्हें अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ते हुए नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने की दिशा में प्रेरित करते हैं।

## स्वच्छ सर्वेक्षण में फिर टॉप पर आएगा करनाल: मेयर

पंचकूला ऑब्जर्वर

**करनाल.** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को लेकर करनाल नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने निगम अधिकारियों और कर्मचारियों से आह्वान किया है कि करनाल नगर निगम को स्वच्छ सर्वेक्षण में एक बार फिर बेहतर स्थान दिलाने के लिए मिलजुल कर प्रयास करें। इसके लिए विशेष अभियान की रूपरेखा तैयार की गई। वीरवार को आयोजित बैठक में मेयर ने कहा कि करनाल नगर निगम स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में 'स्वच्छ शहर' श्रेणी के अंतर्गत (50000-300000) जनसंख्या में पूरे देश में तीसरे स्थान पर रहा और यह विशिष्ट उपलब्धि हासिल करने वाला हरियाणा का पहला शहर बना। इस बार भी पूरा प्रयास है कि करनाल के नाम फिर यह बड़ी उपलब्धि दर्ज हो। इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। केंद्रीय आवासन एवं शहरी मामलों के मंत्रालय की टीम कभी भी शहर का निरीक्षण कर सकती है। इसके दृष्टिगत विशेष अभियान चलाकर रेहड़ी फड़ियों वालों को



जागरूक किया जाए कि वे किसी भी रूप में व्यवस्था न बिगाड़ें। रेहड़ी वाले शहर में संचालन करते हुए यदि अपना कार्य करते हैं तो उन्हें परेशान नहीं किया जाएगा, लेकिन यदि वे किसी भी एक स्थान पर अवैध रूप से अपना ठिया जमाते हैं या व्यवस्था बिगाड़ते हैं तो यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निगम की टीम ऐसे मामलों का तत्कालीक संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई करेगी और इसके तहत रेहड़ी फड़ी वालों का सामान भी जब्त किया जा सकता है। इसी प्रकार गंदगी फैलाने वालों और किसी भी प्रकार के अतिक्रमण से जाम की स्थिति पैदा करने वालों पर भी नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि शहर में गांधी चौक से निर्मल कुटिया, कल्पना चावला मेडिकल कालेज से दयाल सिंह कालेज और पुरानी बस स्टैंड के पिछले हिस्से से महिला आश्रम कॉपलेक्स तक की सडक़ों पर विशेष अभियान चलाते हुए नियमित निरीक्षण के साथ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिन रेहड़ी फड़ी वालों ने सडक़ किनारे या फुटपाथ आदि पर अवैध रूप से पोल, बोर्ड या कोई अन्य सामग्री रखकर अतिक्रमण कर रखा है उन्हें किसी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। सफाई की दृष्टि से सभी रेहड़ी फड़ी वाले हरा और नीला डस्टबीन अवश्य रखें। नागरिकों से भी अपील है कि स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान में वह हर संभव सहयोग एवं सहभागिता करें।



# सूरज की सुनहरी किरणों में निखरी काशिका कपूर की दिलकश चमक

सूरज की सुनहरी किरणें जब सही एंगल से चेहरे को छूती हैं, तो वह सिर्फ रोशनी नहीं बल्कि एक एहसास बन जाती हैं—और इसी एहसास को अपने लेटेस्ट फोटोशूट में बेहद खूबसूरती से कैद किया है काशिका कपूर ने। लिटरली सन-किस्ड थीम पर आधारित यह शूट किसी स्टूडियो सेटअप का मोहताज नहीं, बल्कि प्रकृति की सबसे प्यारी लाइट—धूप—का जश्न है। इस फोटोशूट में काशिका कपूर की खूबसूरती किसी फिल्टर की नहीं, बल्कि सूरज की नैचुरल रोशनी की देन लगती है। गोल्डन आवर की गर्माहट उनके चेहरे पर ऐसी चमक बिखेरती है, जो हर फ्रेम को जीवंत और सॉफ्ट बनाती है। बिना भारी मेकअप के, उनकी त्वचा की असली दमक और कॉन्फिडेंस साफ झलकता है।धूप की हल्की परत जैसे उनके चारों ओर एक सॉफ्ट आभा बना देती है। एक ऐसा ग्लो, जो ग्लैमरस भी है और बेहद ऑर्गेनिक भी। यही वजह है कि यह फोटोशूट सिर्फ खूबसूरत तस्वीरों का सेट नहीं, बल्कि नैचुरल ब्यूटी और सादगी की एक स्टाइल स्टेटमेंट बनकर उभरता है। काशिका कपूर का यह सन-ड्रेंच्ड लुक यह साबित करता है कि असली ग्लैमर महंगे सेटअप में नहीं, बल्कि सही रोशनी, आत्मविश्वास और सहजता में छिपा होता है।

# कानूनी रूप से टिकने योग्य नहीं', सुप्रीम कोर्ट ने रद्द की एल्विश यादव के खिलाफ चार्जशीट, मिली बड़ी राहत

यूट्यूबर और बिग बॉस ओटीटी विनर एल्विश को सुप्रीम कोर्ट ने ब?ी रहत दे दी है। कोर्ट ने यूट्यूबर के खिलाफ सांप के जहर की तस्करी और उसके सेवन से जुड़े मामले में चल रही आपराधिक कार्रवाही को रद्द कर दिया। कोर्ट का कहना है कि दर्ज की गई शिकायत में प्रक्रियात्मक खामियां थी, हालांकि कोर्ट ने अधिकारियों को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत नए सिरे से शिकायत दर्ज करने और जांच की अनुमति दी है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एम. एम. सुंदरेश और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने मामले पर सुनवाई करते हुए कहा, जिस तरह से शिकायत दर्ज की गई थी, उसमें प्रक्रियात्मक खामियां थीं और कानून की नजर में यह शिकायत टिक नहीं सकती। कोर्ट ने कहा कि हम इसमें उठाए गए अन्य मुद्दों पर विचार नहीं करेंगे, हालांकि साथ ही दोबारा नए सिरे से शिकायत दर्ज करवाने और जांच के मार्ग को खुला रखा है। कोर्ट की तरफ से कहा गया कि अधिकारियों को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत नए सिरे से शिकायत दर्ज करने या जांच करने की अनुमति है। कोर्ट ने यह भी माना कि एल्विश पर लगाए गए आरोपों को साबित करने के लिए ठोस सबूत भी मौजूद नहीं है। इसके बाद कोर्ट ने मामले में चल रही आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने का फैसला किया। नोएडा पुलिस ने नवंबर 2023 में एक रेव पार्टी में कथित तौर पर सांपों के जहर के इस्तेमाल के आरोप में एल्विश यादव और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था। 17 मार्च 2024 को उन्हें गिरफ्तार भी किया गया। यूट्यूबर पर गंभीर आरोप लगे थे कि वे मनोरंजन के लिए वन्यजीव को नुकसान पहुंचाते हैं, जो कानूनी तौर पर गलत है।

# सरके चुनर' गाने पर राष्ट्रीय महिला आयोग ने लिया संज्ञान, नोरा फतेही और संजय दत्त समेत 5 लोगों को भेजा समन

राष्ट्रीय महिला आयोग ने राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए, 'सरके चुनर तेरी सरके' गाने में अश्लीलता और अभद्रता के आरोपों से संबंधित मीडिया रिपोर्टों पर स्वत: संज्ञान लिया है। आयोग ने इस मामले में अभिनेत्री नोरा फतेही, रकीब आलम, अभिनेता संजय दत्त, वेंकट के. नारायण (निर्माता, केवीएन समूह) और किरण कुमार (निर्देशक) को आयोग के समक्ष उपस्थित होने के लिए समन जारी किया है।

राष्ट्रीय महिला आयोग की तरफ से इस मामले में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए जानकारी साझा की। आयोग का कहना है कि पहली बार देखने पर ये गाना यौन उत्तेजक, आपत्तिजनक और भारतीय न्याय संहिता, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और पीओसीएसओ अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन प्रतीत होता है, इसलिए आयोग ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। आयोग ने नोरा फतेही, संजय दत्त, रकीब आलम, वेंकट के. नारायण और किरण कुमार को मंगलवार, 24 मार्च को दोपहर 12ः30 बजे संबंधित दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने के लिए कहा है। आयोग का कहना है कि उपस्थित न होने पर कानून के मुताबिक उचित कार्रवाई की जा सकती है।



# मूवी रिव्यू धुरंधर 2 : हर फ्रेम में बसी कला, कहानी और कमाल की सिनेमाई पकड़

धुरंधरः द रिवेंज की शुरुआत किसी साधारण फिल्म की तरह नहीं होती, बल्कि यह दर्शकों को सीधे एक गहरे और रहस्यमयी माहौल में धकेल देती है। जैसे ही कहानी आगे बढ़ती है, दर्शक खुद को हमजा की दुनिया का हिस्सा महसूस करने लगते हैं। शुरुआती फ्रेम से ही यह साफ हो जाता है कि यह फिल्म सिर्फ मनोरंजन के लिए नहीं, बल्कि एक अनुभव देने के लिए बनाई गई है। फिल्म की कहानी सीधी रेखा में नहीं चलती, बल्कि परत दर परत खुलती है। हर सीन में एक नई जानकारी, नया मोड़ और नया भाव जुड़ता जाता है। निर्देशक ने कहानी को इस तरह से बुना है कि दर्शक लगातार उससे जुड़े रहते हैं। फिल्म में बदले की भावना, इंसानी रिश्तों की जटिलता और सत्ता की लड़ाई को बेहद संतुलित तरीके से पेश किया गया है। आदित्य धर का निर्देशन इस फिल्म की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने हर फ्रेम को सोच-समझकर डिजाइन किया है। कैमरा एंगल, सीन की प्लेसमेंट और कैरेक्टर की मूवमेंट — सब कुछ एक विजन के तहत काम करता है। फिल्म कहीं भी भटकती नहीं है, बल्कि एक तय दिशा में आगे बढ़ती है। यही वजह है कि इतनी लंबी अवधि के बावजूद दर्शकों की दिलचस्पी बनी रहती है।

स्क्रीनप्लेः कसावट और निरंतरता

**अभिनय**
किरदारों में ढले कलाकार

**बैकग्राउंड म्यूजिक**
हर सीन की आत्मा

**एडिटिंग**
लंबाई के बावजूद संतुलन

**क्लाइमैक्स**
भावनाओं और कहानी का चरम

फिल्म का स्क्रीनप्ले इसकी रीढ़ है। हर सीन का एक उद्देश्य है और कोई भी हिस्सा बेवजह नहीं जोड़ा गया लगता। कहानी धीरे-धीरे खुलती है, लेकिन कहीं भी धीमी नहीं पड़ती। फ्लैशबैक और वर्तमान के बीच संतुलन बनाए रखना आसान नहीं होता, लेकिन यहां इसे बेहतरीन तरीके से निभाया गया है। फिल्म के डायलॉग्स बहुत ज्यादा भारी-भरकम नहीं हैं, लेकिन उनका असर गहरा है। कई जगहों पर चुप्पी भी डायलॉग से ज्यादा बोलती है। किरदारों के संवाद उनकी सोच, उनकी स्थिति और उनके संघर्ष को स्पष्ट रूप से सामने लाते हैं।

रणवीर सिंह ने हमजा के किरदार को सिर्फ निभाया नहीं, बल्कि उसे जिया है। उनके हाव-भाव, बॉडी लैंग्वेज और इमोशनल रेंज हर सीन में अलग-अलग रंग दिखाते हैं। फिल्म के अंत तक उनका ट्रांसफॉर्मेशन साफ दिखाई देता है। सपोर्टिंग कास्ट में आर. माधवन की सटीकता, अर्जुन रामपाल की गंभीरता, संजय दत्त की मजबूत मौजूदगी और राकेश बेदी की सहजता कहानी को मजबूती देती है। गौरव गेरा का किरदार फिल्म में एक अप्रत्याशित लेकिन यादगार मोड़ लाता है।

एक्शनः रियलिस्टिक और असरदार


फिल्म के एक्शन सीक्वेंस केवल दिखावे के लिए नहीं हैं, बल्कि कहानी का हिस्सा हैं। हर फाइट सीन का एक भावनात्मक और कथानक से जुड़ा महत्व है। एक्शन में ओवरड्रामैटिक एलिमेंट्स की बजाय रियलिस्टिक अप्रोच अपनाई गई है, जो इसे और प्रभावी बनाती है।

फिल्म का बैकग्राउंड स्कोर इसकी सबसे मजबूत कड़ियों में से एक है। यह हर सीन के मूड को गहराई देता है — चाहे वह सस्पेंस हो, इमोशन हो या एक्शन। कई जगहों पर म्यूजिक सीन को अगले स्तर तक पहुंचा देता है। करीब 3 घंटे 49 मिनट की फिल्म को संभालना आसान नहीं होता, लेकिन एडिटिंग ने इसे संतुलित बनाए रखा है। सीन ट्रांजिशन




स्मूद हैं और कहानी का फ्लो बना रहता है। हालांकि कुछ हिस्सों में थोड़ी और कसावट लाई जा सकती थी, लेकिन कुल मिलाकर फिल्म की पकड़ ढीली नहीं पड़ती। फिल्म की सिनेमैटोग्राफी इसे एक अलग पहचान देती है। लोकेशन, लाइटिंग और फ्रेमिंग का इस्तेमाल इस तरह किया गया है कि हर सीन एक विजुअल ट्रीट लगता है। अंधेरे और उजाले का खेल कहानी के मूड को और मजबूत बनाता है। फिल्म का क्लाइमैक्स न सिर्फ कहानी को पूरा करता है, बल्कि दर्शकों पर गहरा असर छोड़ता है। यह सिर्फ एक अंत नहीं, बल्कि पूरी यात्रा का सार है। धुरंधरः द रिवेंज सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक ऐसा अनुभव है जो आपको अपने अंदर खींच लेता है। यह फिल्म साबित करती है कि मजबूत कहानी, बेहतरीन निर्देशन और सशक्त अभिनय के दम पर बॉलीवुड आज भी दर्शकों को बांध सकता है। यह एक ऐसी फिल्म है, जिसे देखते वक्त आप यह भूल जाते हैं कि आप एक फिल्म देख रहे हैं — और यही इसकी सबसे बड़ी जीत है।

# बदला हो तो धुरंधर जैसा हो वरना न हो, सेकंड पार्ट देखकर आदित्य धर की दीवानी हुई प्रीति जिंटा



रणवीर सिंह और संजय दत्त स्टारर फिल्म 'धुरंधरः द रिवेंज' 19 मार्च, यानि आज सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म के प्री-प्रीव्यू के बाद सोशल मीडिया पर फिल्म से जुड़ी कई वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिसमें 'नोटबंदी' से लेकर बड़े साहब (दाऊद इब्राहिम) तक को दिखाया गया है। फिल्म देखकर आईं एक्ट्रेस प्रीति जिंटा धुरंधर के हर किरदार की कायल हो चुकी हैं। उन्होंने फिल्म को 'धुरंधर' से ज्यादा शानदार बताया है। प्रीति जिंटा अपने दोस्त और 'धुरंधरः द रिवेंज' के मेजर इकबाल (अर्जुन रामपाल) के साथ फिल्म देखने पहुंचीं। अभिनेत्री के मुताबिक फिल्म में जिस तरीके से रणबीर सिंह ने बदला लिया है, वो वाकई ही बड़ा बदला है। उन्होंने फिल्म के हर एक किरदार की तारीफ की और रणवीर सिंह को फिल्म की जान बताया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, मैंने कल रात धुरंधर 2 देखी और बस इतना ही कहना चाहती हूं कि बदला हो तो धुरंधर जैसा हो वरना न हो। निर्देशन, अभिनय, संगीत, संपादन, कहानी, कास्टिंग और हर विभाग जबरदस्त है। फिल्म देखने के बाद मम्मी ने सबसे पहले यही कहा कि वो इसे अपने दोस्तों के साथ थिएटर में दोबारा देखना चाहती हैं और मुझे भी बिल्कुल ऐसा ही लगता है। प्रीति ने दर्शकों को इतनी अच्छी फिल्म देने के लिए आदित्य धर को दिल से धन्यवाद दिया। उनका कहना है कि दर्शकों के अनुभव को मनमोहक बनाने का काम बहुत अच्छे से किया गया है, जबकि रणवीर सिंह को लेकर उन्होंने लिखा, आपने मेरा दिल जीत लिया। क्या शानदार प्रदर्शन था? क्या रेंज, क्या गहराई, क्या ईमानदारी। हर चीज को बारीकी से पर्दे पर पूरी गहराई के साथ उतारा गया है। प्रीति ने आर. माधवन, सार और अर्जुन रामपाल की भी तारीफ की और सभी से फिल्म को देखने की गुजारिश की। एक्ट्रेस के मुताबिक फिल्म के हर हिस्से में इमोशन, साजिश और हिम्मत तीनों एक साथ देखने को मिलती हैं। फिल्म के प्रेड-प्रीव्यू के बाद सोशल मीडिया पर फिल्म से जुड़े क्लिप्स वायरल हो रहे हैं। फिल्म के डायरेक्टर ने खुद फैंस से अपील की थी कि वे बाकी दर्शकों की एक्साइटमेंट को खराब न करें। सोशल मीडिया पर रणवीर सिंह के 'ल्यारी किंग' बनने का वीडियो भी वायरल हो रहा है।

# जब तनुश्री दत्ता को होने लगा था परलौकिक शक्तियों का अहसास; खुद सुनाई थी अपने बचपन की कहानी



जमशेदपुर की गलियों से निकलकर मिस इंडिया यूनिवर्स 2004 का ताज पहनकर बॉलीवुड में छाने वाली तनुश्री दत्ता भले ही फिल्मों से दूर हैं, लेकिन अपने विवादों से हमेशा सुर्खियों में रही हैं। अभिनेत्री ने नाना पाटेकर पर गंभीर आरोप लगाए थे और बॉलीवुड के डार्क साइड के बारे में खुलकर बात की। अभिनेत्री अपनी फिल्मों से ज्यादा विवादों से ही सुर्खियों में रही, लेकिन उनकी आध्यात्मिक यात्रा भी किसी फिल्म की कहानी की तरह रही। तनुश्री ने यह भी दावा किया था कि उन्हें बचपन से ही आत्माएं दिखती थी और वे उनसे बात भी करती थी। 19 मार्च को जन्मीं तनुश्री दत्ता ने बॉलीवुड में आशिक बनाया आपने और ढोल फिल्मों में काम किया। अभिनेत्री के द्वारा निभाए गए ज्यादातर किरदार बोल्ड थे, लेकिन पर्दे पर बोल्ड इमेज से फैंस का दिल जीतने वाली तनुश्री असल जिंदगी में बहुत आध्यात्मिक रही। लद्दाख के मठों में साधना और आत्मनिरीक्षण का मार्ग चुनने वाली तनुश्री का बचपन रहस्यों से भरा था। जहां दो-चार साल का बच्चा, जिसमें खुद की समझ विकसित नहीं हो पाती है, उस उम्र में अभिनेत्री को आत्माएं दिखती थीं। यह हमारा नहीं बल्कि तनुश्री का मानना है। तनुश्री ने एक पुराने इंटरव्यू में खुलासा किया था कि घटना होने से 6 महीने पहले ही उन्हें पता चल गया था कि उनके पड़ोस से थोड़ी दूरी पर मौजूद घर में कुछ बुरा होने वाला है। अभिनेत्री ने दावा किया था कि जब वे छोटी थी तो उन्हें एनर्जी दिखती थी, जो उन्हें सावधान करती थी। वे उनसे बातें करती थी और साथ में खेलती भी। एनर्जी कभी बच्चों के रूप में तो कभी किसी अन्य के रूप में दिखती थी। अभिनेत्री ने दावा किया कि एक एनर्जी ने उन्हें 6 महीने पहले ही बता दिया कि पड़ोस से थोड़े दूर घर में कुछ बुरा होने वाला है, तो वहां नहीं जाना है। चार साल की तनुश्री के मन में बैठ चुका था कि वह जगह सेफ नहीं है और उन्होंने अपनी मां को बताया कि वहां नहीं जाना है। छह महीने बाद उस घर में महिला की मौत हो जाती है। अभिनेत्री के अनुसार, स्कूल के समय में भी एनर्जी बच्चों के रूप में नजर आती थी।

# शादी के 10 साल बाद दिव्यांका-विवेक के घर गूंजेगी किलकारी, एक्ट्रेस ने फ्लॉन्ट किया बेबी बंप



टेलीविजन के मशहूर कपल दिव्यांका त्रिपाठी और विवेक दहिया जिंदगी के नए पड़ाव की ओर बढ़ रहे हैं। एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी जल्द ही मां बनने वाली हैं। गुरुवार को उन्होंने सोशाल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी प्रेग्नेंसी की खबर को कंफर्म किया। दरअसल, काफी समय से चर्चा चल रही थी कि दिव्यांका शादी के 10 साल बाद जल्द ही मां बनने वाली हैं, लेकिन अभी तक इसकी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई थी। कपल ने गुरुवार को इंस्टाग्राम के जरिए इस खबर पर मुहर लगा दी। दिव्यांका त्रिपाठी और विवेक दहिया ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बेबी बंप वाली तस्वीरें पोस्ट कीं। इसमें दोनों एक दूसरे के साथ खोए नजर आ रहे हैं। कपल ने एक दूसरे से मैच करते हुए सफेद रंग के कपड़े पहने हुए हैं, जो उनके बीच की खुशी को बयां कर रहा है। एक तस्वीर में विवेक, दिव्यांका के पीछे खड़े होकर उन्हें गला लगाते नजर आ रहे हैं। दूसरी तस्वीर में दोनों एक-दूसरे को देख रहे हैं। तीसरी तस्वीर में विवेक छोटे-छोटे बच्चों के जूते पकड़े हुए दिख रहे हैं, जो उनके घर आने वाले बच्चे का संकेत है। आखिरी तस्वीर में दोनों एक-दूसरे के बहुत करीब हैं। विवेक प्यार से दिव्यांका के बेबी बंप को पकड़े हुए हैं और दोनों के चेहरे पर खुशी और उत्साह साफ दिखाई दे रहा है। दिव्यांका ने पोस्ट कर लिखा, 10 साल बाद कहानी में एक खूबसूरत मोड़। कुछ सफर जल्दी खत्म करने के लिए नहीं होते। वे साथ-साथ तैयार होने के लिए होते हैं और जब आपको लगता है कि आपकी कहानी पूरी हो गईज्तभी जिंदगी उसमें सबसे सुंदर नया अध्याय जोड़ देती है। अभिनेत्री ने आगे लिखा, अभी इस खुशी को महसूस कर रहे हैंज्बिना वजह मुस्कुरा रहे हैंज्दिल में ढेर सारी कृतज्ञता के साथ हम माता-पिता बनने वाले हैं। पोस्ट शेयर करने के बाद दिव्यांका के इंडस्ट्री के दोस्तों और कलाकारों ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और कमेंट सेक्शन में प्यार और शुभकामनाओं की बौछार कर दी। कई लोगों ने हार्ट और फायर इमोजी कमेंट किए। अभिनेत्री अदिती भाटिया, अनिता हसंनदानी, कृष्णा अभिषेक समेत कई कलाकारों ने कमेंट सेक्शन पर बधाई हो लिखा।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com